जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 54
दिनांक 26.04.2024

जनेकृविवि के 23 विद्यार्थियों ने गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर किया गौरांवित

GATE (गेट) परीक्षा में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

जबलपुर 26 अप्रैल, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरू डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएं शिक्षा के साथ–साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। दरअसल आई.आई.टी. एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में स्नातक में प्रवेश हेतु देश की सर्वश्रेष्ट परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूट टेस्ट इन इंजीनियरिंग (GATE) प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगी परीक्षा में कृषि अभियांत्रिकी विषय के लिये कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर कें बी.टेक. चतुर्थ वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थी प्रतीक शिरके ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम, कुलसुम जेहरा नकवी ने तृतीय, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर ने नौवा, विपुल तिवारी ने दसवॉ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय को गौरन्वित किया है। कुल 23 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में अपनी लगन, कठोर परिश्रम, सतत् प्रयास एवं अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता प्राप्त की है।

कृषि अभियांत्रिकी संकाय अधिष्ठाता डॉ. अतुल श्रीवास्तव, समस्त शिक्षक गण एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है और इसे संकाय की मेहनत का फल निरूपित किया है।